# अखिल भारतीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण परिषद्
## पटना– 800020

निबंधन संख्या– 054/19

## मैट्रिक स्तरीय पदों पर नियोजन हेतु आयोजित की जानेवाली प्रथम मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन

## विज्ञापन सं0- 02/23

**ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि– 05.10.2024** **आवेदन की अंतिम तिथि– 20.10.2024**

अखिल भारतीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना के द्वारा चलाये जा रहे प्राथमिक शिक्षा केन्द्र के अन्तर्गत कार्य करने हेतु मैट्रिक स्तरीय पदों पर नियोजन हेतु संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से (ऑनलाईन) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | मानदेय | न्यूनतम शैक्षणिकयोग्यता | पदों की संख्या | नियोजन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षिका कर्मी | 5240 | मैट्रिक/समकक्ष | 8040 | 05 वर्ष |

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–
   ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त संस्स्थान से मैट्रिक, उपरोक्त तालिका में वर्णित पदों के सामने उल्लिखित न्यनतम शैक्षणिक योग्यता में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातिः– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण–पत्र मान्य होगा। संबंधित प्रमाण–पत्र को काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. अभ्यर्थी द्वारा प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय किये गये दावे के अनुसार सभी प्रमाण–पत्रों का प्रमाण–पत्र, तिथि एवं निर्गत करने वाले सक्षम प्राधिकार का पदनाम ऑनलाइन आवेदन में अंकित किया जाना अनिवार्य हैं। मुख्य परीक्षा के आवदेन में यही विवरण अंकित रहेंगें। काउंसिलिंग/ Document Verification के समय ऑनलाइन आवेदन मे अंकित प्रमाण–पत्रों को ही मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त वर्णित मूल प्रमाण–पत्रों को प्रस्तुत करने के लिए काउंसिलिंग के पश्चात कोई समय देय नहीं होगा।

   सभी वांछित प्रमाण–पत्र प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि तक का निर्गत होना आवश्यक है।
4. उम्र सीमा :–
   अभ्यर्थी के उम्र सीमा की गणना दिनांक– 31.03.2024 के आधार पर की जाएगी।

(i) न्यूनतम आयु सीमा – 18 (अठारह) वर्ष।

(ii) अधिकतम आयु सीमा – 40 वर्ष।

5. परीक्षा शुल्क (प्रारंभिक परीक्षा) :–

(क) सामान्य वर्ग/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के महिला अभ्यर्थी – 480 रूपये।

(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के महिला अभ्यर्थी – 240 रूपये।

परीक्षा शुल्क की राशि पर प्रक्रिया शुल्क (Processing Charge) एवं सेवा कर (Service Tax) अभ्यर्थी द्वारा अलग से वहन किया जाएगा। परीक्षा शुल्क अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन (Credit Card/Debit Card/ UPI/Net Banking आदि के माध्यम से) जमा किया जाएगा।

ऑनलाईन (Online) रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् परीक्षा शुल्क ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे (Online Payment Gateway) के माध्यम से दिनांक–05.10.2024 से 20.10.2024 तक जमा किया जा सकेगा।

मात्र रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान करने से यह भी नहीं माना जाएगा कि अभ्यर्थी द्वारा पूर्ण रूप से ऑनलाइन आवेदन भर लिया गया है। परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा, साथ हीं साथ यह अहस्तांतरणीय होगा।

6. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश :–

(i)

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ करने की तिथि | 05.10.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 20.10.2024 |

(ii) ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत आवश्यक निदेश परिषद् के वेबसाइट https://absepp.org पर उपलब्ध है। इन निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन नहीं करने पर एवं ऑनलाइन आवेदन भरने के क्रम में अभ्यर्थी द्वारा की गयी प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए परिषद् जिम्मेवार नहीं होगा।

(iii) ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टियों में किसी प्रकार के सुधार/परिवर्तन हेतु समर्पित अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iv) अभ्यर्थी के नाम/माता का नाम/पिता का नाम/जन्मतिथि मैट्रिक या समकक्ष के प्रामण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार होना चाहिए।

(v) सभी अभ्यर्थी अपनी कोटि (Category) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक पूर्णतः आश्वस्त होने के उपरान्त ही भरें।

(vi) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने मात्र से ही उनकी अभ्यर्थिता सुनिश्चित नहीं मानी जाएगी। अभ्यर्थियों की अर्हता के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण–पत्रों/वैध कागजातों के आधार पर परिषद् अंतिम निर्णय लेगा।

(vii) योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र वहीं मान्य होंगें, जिनका उल्लेख उम्मीदवारों ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया है।

(viii) अभ्यर्थी को सभी वांछित प्रमाण–पत्र मूल में काउंसिलिंग के समय सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रमाण–पत्र मूल में काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी प्रभावित/रद्द होगी तथा इस संबंध में परिषद् का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

(ix) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेंगें कि प्रारंभिक परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन समर्पित करते समय उनके पास सभी वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र मूल रूप में उपलब्ध है।

7. महत्वपूर्ण निर्देश :–

i. किसी अभ्यर्थी के परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता का निर्धारण परिषद् द्वारा किया जाएगा और यह अंतिम होगा। उन्हीं अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए योग्य माना जाएगा, जिन्हें परिषद् द्वारा प्रवेश पत्र (Admit card) निर्गत किया जाएगा।

ii. किसी प्रकार की पैरवी करने या कराने अथवा गलत या अपूर्ण सूचना देने अथवा चयन की प्रक्रिया को किसी प्रकार का अनुचित तरीका अपनाकर नियोजन प्रभावित करने का प्रयास करने पर अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

iii. अभ्यर्थी आवेदन–पत्र को Submit करने के पूर्व Preview देखकर संतुष्ट हो लेंगे एवं यदि कोई सुधार आवश्यक हो, तो Edit Option का उपयोग कर आवश्यक सुधार करने के उपरान्त ही आवेदन–पत्र को Submit करेंगें।

iv. एक अभ्यर्थी द्वारा मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा जा सकता है। किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन पत्र एक ही पता या पता बदल कर भरे जाने की स्थिति में उनके सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत करते हुए उनका अभ्यार्थियों को रद्द कर दिया जायेगा।

v. वैध एवं सक्रिय मोबाईल नम्बर तथा ई–मेल आई0 डी0 दर्ज करना अनिवार्य है क्योंकि भविष्य मे संवाद के लिए इसे इस्तेमाल किया जाएगा। अगर आप गलत या अवैध मोबाईल नम्बर और/या ई–मेल आई0डी0 दर्ज करते हैं, तो भविष्य में महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त करने से वंचित हो जायेँगे, जिसके लिए परिषद् जिम्मेवार नहीं होगा।

vi. अभ्यर्थी अपना Application Form Number/Registration Number/ Roll Number को सुरक्षित रखेंगें। अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र (फोटो सहित) की प्रति अपने पास सुरक्षित रखें। किसी भी परिस्थिति में डुप्लीकेट/द्वितीयक रजिस्ट्रेशन नम्बर/एप्लिकेशन फार्म नम्बर/प्रवेश पत्र परिषद् द्वारा बाद में निर्गत नहीं किये जायेंगे।

vii. कार्यकुशल की स्थिति में नियोजन अवधि विस्तार करने की प्रक्रिया।

8. घोषणाः–

मैं घोषणा करती हूँ कि मैंने परिषद् द्वारा प्रकाशित विज्ञापन तथा निर्देशों को भली–भाँति पढ लिया है। जब भी परिषद् मेरे द्वारा दिये गये विवरण की पुष्टिकरण माँगेगा, मैं निदेशानुसार आवश्यक सभी संबंधित दस्तावेजों को प्रस्तुत करूँगी। मैं घोषणा करती हूँ कि मैंनें कोई अतिरिक्त डुप्लीकेट आवेदन या समान विवरण का आवेदन नहीं भरा है। मैं यह भी जानती

हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सही साबित नहीं हुई, तो मेरा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा और कानून के अनुसार मुझे परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

9. अंतिम तिथि :–

ऑनलाईन आवेदन दिनांक– **05.10.2024** से **20.10.2024** की रात्रि **11:59** बजे (Server Time) तक परिषद् के वेबसाईट https://absepp.org पर भरा जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति को परिषद् कार्यालय में भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

सचिव,<br>
अखिल भारतीय शिक्षण एवं<br>
प्रशिक्षण परिषद्<br>
पिन– **800020**